तुलसा तुझको बिहाने ब्रज से आए नंदकिशोर

कार्तिक का महीना और गली गली में शोर,
तुलसा तुझको बिहाने ब्रज से आए नंदकिशोर.....

तुलसा की शादी में ब्रह्मा जी आए,
ब्रह्मा जी आए संग में ब्रह्माणी को लाए,
आकर वेद सुनाएं देखो सुन रहे हैं सब लोग,
तुलसा तुझको बिहाने ब्रज से आए नंदकिशोर.....

तुलसा की शादी में विष्णु जी आए,
विष्णु जी आए संग में लक्ष्मी जी को लाए,
आकर धन बरसाए देखो लूट रहे सब लोग,
तुलसा तुझको बिहाने ब्रज से आए नंदकिशोर.....

तुलसा की शादी में भोले जी आए,
भोले जी आए संग में गोरा जी को लाए,
आकर डमरू बजाए देखो नाच रहे सब लोग,
तुलसा तुझको बिहाने ब्रज से आए नंदकिशोर.....

तुलसा की शादी में रामा जी आए,
रामा जी आए सग में सीता जी को लाए,
सीता मंगल गाएं और राधा मचा रही शोर,
तुलसा तुझको बिहाने ब्रज से आए नंदकिशोर.....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/29634/title/tulsa-tujhko-bihane-braj-se-aye-nandkishor

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |